दिनांक : 04.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

हाथियों की मृत्यु

देश के उमरिया जिले में पिछले दिनों 10 जंगली हाथियों की मृत्यु के मामले में राज्य सरकार ने फील्ड डायरेक्टर और प्रभारी एसीएफ को निलंबित कर दिया है ।

गौरतलब है कि बांधव गढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पिछले दिनों एक एक कर जंगली हाथियों के एक दल के दस हाथियों की संदिग्ध रूप से मृत्यु हो गयी थी.

वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सहित वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने क्षेत्र का भ्रमण किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई कीटनाशक नहीं पाया गया है। पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आना शेष है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उमरिया से लौटे उच्च स्तरीय दल से हाथियों की मृत्यु के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। वन राज्य मंत्री और अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने विभिन्न पहलुओं की जांच और अध्ययन का विवरण दिया।

डा यादव ने कहा कि प्रदेश में राज्य स्तरीय हाथी टास्ट फोर्स गठित किया जाएगा। हाथी- मानव सह अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए हाथी मित्र भी बनाए जाएंगे।

टीकमगढ़ स्टेडियम

टीकमगढ शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड पर खिलाडियों को आज तीन खेल ग्राउंड की सौगात मिली। इनमे टेनिस, बॉलीवॉल और बास्केटवॉल कोर्ट खेल ग्राउंड शामिल हैं ।

राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त विकास निगम की ओर से 54 लाख रूपये की लागत से तैयार किए इन खेल तीन ग्राउंड का आज केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने लोकार्पण किया। अब तीन नए खेल मैदान बन जाने से खिलाडियों को काफी सुविधा हो जाएगी।

केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि ओपन ग्राउंड के साथ इनडोर स्टेडियम बनाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे है जल्द ही शासन स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद इनडोर स्टेडियम का काम शुरू कराया जाएगा।

रेलवे विशेष रेलगाड़ियां

भारतीय रेलवे द्वारा त्योहारों के सिलसिले में इस महीने की 2 से 8 तारीख तक 145 अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाई जा रहीं है ताकि छठ पूजा के लिए लोगों की यात्रा आसानी से हो सके। रेलवे की ओर से प्रतिदिन 2 लाख अतिरिक्त यात्रियों के सफर की व्यवस्था की गई है। भारतीय रेलवे त्योहारों के अवसर पर इस बार लगभग 7 हजार विशेष रेलगाड़ियां चला रही है।

विधिक सेवा सप्ताह

नर्मदापुरम में बाइक रैली से विधिक सेवा सप्ताह का आज शुभारंभ हुआ। जिले में 9 नवंबर तक न्यायोत्सव मनाया जाएगा। विधिक सेवा सप्ताह का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के अध्यक्ष, प्रधान जिला और सेशन न्यायाधीश मौजूदगी में आज सुबह न्याय संकल्प यात्रा, बाइक रैली के रूप में निकाली गई। बाइक रैली न्यायालय परिसर से होते हुए सेठानी घाट से मालाखेड़ी चक्का रोड से कमिश्नर निवास से एडीआर सेंटर तक पहुंची।

रैली में पैरालीगल वॉलेंटियर और लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स सहित विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

गौरतलब है कि मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर आज 4 से 9 नवंबर तक विधिक सेवा सप्ताह का सम्पूर्ण प्रदेश में आयोजन किया जा रहा है ।

बैतूल के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में बैतूल जिले में विधिक सेवा सप्ताह प्रारंभ हुआ। जिसकी शुरूआत आज 4 नवम्बर को सुबह 09:00 बजे बाईक रैली से हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राण रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव झारखण्ड के कांके विधानसभा में

जनसभा करेंगे एवं छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा में सामाजिक संगठनों की बैठक में शामिल होंगे।

शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता

जबलपुर में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और बैण्डदल की मनमोहक प्रस्तुति के साथ शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जबलपुर में 7 नवम्बर तक आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग खेल में 9 संभागों
भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम और जनजातीय कार्य विभाग से 14, 17, 19 वर्ष के 554 बालक-बालिकाएं और ऑफीशियल सहभागिता करेंगे।

नमस्कार